कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी , उत्तराखण्ड
Office: Chief Electoral Officer, Uttarakhand

विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल 4-सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर देहरादून-248001

प्रेस विज्ञप्ति

प्रेस नोट–29 19 सितंबर 2025

# उत्तराखण्ड के 11 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल **RUPPs** डीलिस्टेड

## – पहले चरण में 9 अगस्त को 6 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों (आर.यू.पी.पी.) को किया गया डिलिस्टेड

## – बीते दो चरणों में अबतक 17 (आर.यू.पी.पी.) को किया जा चुका है डिलिस्टेड

देहरादून। भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तराखण्ड के 11 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों (आरयूपीपी) को डीलिस्ट कर दिया है। शुक्रवार 19 सितंबर को को भारत निर्वाचन आयोग ने यह आदेश जारी किया है। डीलिस्ट किए गए 11 दलों में वो दल शामिल हैं जिन्होंने वर्ष 2019 से बीते 6 वर्षों में लोकसभा एवं विधानसभा के एक भी चुनाव में प्रतिभाग नहीं किया है। आयोग ने डीलिस्टेड किए 11 **पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों** को आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिन के भीतर अन्तिम अपील का अतरिक्त अवसर दिया है।

**ये दल किए गए डीलिस्ट**

1– भारत कौमी दल, ग्राम लाठरदेवा हुण, पोस्ट–झबरेडा, हरिद्वार, उत्तराखण्ड।
2– भारत परिवार पार्टी, भारत हृदय आश्रम मौहल्ला करछा, ज्वालापुर, हरिद्वार, उत्तराखण्ड।
3– भारतीय मूल निवासी समाज पार्टी, 77/129 भगत सिंह कालोनी, तरला अधोईवाला, देहरादून, उत्तराखण्ड।
4– भारतीय सम्राट सुभाष सेना, ग्राम–अजीतपुर, पोस्ट–कनखल, लक्सर रोड, हरिद्वार, उत्तराखण्ड।
5– भारतीय अन्तोदय पार्टी, 8 प्रीत विहार, फेज–2 इन्दिरा गांधी मार्ग, निरंजनपुर, देहरादून उत्तराखण्ड।
6– भारतीय ग्राम नगर विकास पार्टी, एकता विहार, लेन न0–1 ग्रामसभा आमवाला तल्ला, पोस्ट कण्डोली, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून उत्तराखण्ड।
7– गोरखा डेमोक्रेटिक फ्रन्ट, शाही निवास, चन्द्रबनी, पो–मोहब्बेवाला, देहरादून उत्तराखण्ड।
8– पीपल्स पार्टी, ए–23 सुभाष नगर, रूडकी, हरिद्वार, उत्तराखण्ड।
9– प्रजातन्त्र पार्टी ऑफ इण्डिया, मकान न0–33 मौहल्ला–बम्बघेरा, शहर एवं पोस्ट– रामनगर, नैनीताल, उत्तराखण्ड।
10–सुराज सेवा दल, ग्राम–रमडी जसुआ, पो– फतेहपुर तहसील–हल्द्वानी, नैनीताल, उत्तराखण्ड।
11–उत्तराखण्ड जनशक्ति पार्टी, सुशीला बर्थवाल निवास निकट दूरदर्शन प्रसार भारती कार्यालय, हरिद्वार बायपास रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड।

********